दिन–बुधवार दिनांक– 19/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर आज राजनीतिक गतिविधियां काफी तेज हो गयी हैं। एनडीए के प्रमुख घटक दल– भाजपा और जदयू के विधायक दल की बैठक के बाद अब एनडीए विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें घटक दल भाजपा, जदयू, लोजपा– रामविलास, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सभी दो सौ दो विधायक गठबंधन के नेता का चुनाव करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने की सम्भावना है। नेता के चयन के बाद एनडीए की ओर से आज ही सरकार बनाने का दावा भी पेश किया जायेगा। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल भी आज समाप्त हो जाएगा क्योंकि मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक के बाद विधानसभा को उन्नीस नवम्बर के प्रभाव से भंग करने की सिफारिश पहले ही की जा चुकी है।

————————————————————————

जनता दल यूनाईटेड की बैठक में आज सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पार्टी के विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। पटना में एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित बैठक में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों ने एक मत से नीतीश कुमार के नाम का समर्थन किया। इसके बाद इसका औपचारिक ऐलान किया गया।

————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का नेता चुना गया है। जबकि विजय कुमार सिन्हा पार्टी के उप नेता पद पर चुने गए हैं। केंद्रीय पर्यवेक्षक केशव प्रसाद मौर्य ने दोनों सह पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में इसका औपचारिक ऐलान किया। पटना स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी के सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने इस संबंध में प्रस्ताव का समर्थन किया।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज शाम पटना पहुंच रहे हैं। श्री शाह मंत्रिमंडल गठन को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेताओं के साथ विचार–विमर्श करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री का गठबंधन के अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी बातचीत का कार्यक्रम है।

———————————————————————————

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में कल मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, एनडीए शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री समेत अन्य गणमान्य लोग शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वीवीआईपी मेहमानों की मौजूदगी के मद्देनतर समारोह स्थल और आस–पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारी लगातार गांधी मैदान का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि गांधी मैदान के आसपास और शहर के कुछ चयनित मार्गों पर कल आवागमन व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद एनडीए की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह भी भव्य होगा। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समारोह में शामिल हो रहे हैं और उनकी उपस्थिति में ही नई सरकार अपने सभी वायदों को पूरा करने की जिम्मेदारी की शुरूआत करेगी।

———————————————————————————

देश के न्यायाधीशों और सेवानिवृत्त नौकरशाहों सहित दो सौ बहत्तर प्रमुख नागरिकों ने खुला पत्र लिखकर निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की है। पत्र में कहा गया है कि देश के नागरिकों को पूरी दृढ़ता और संकल्प के साथ निर्वाचन आयोग के साथ होना चाहिए।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।